## संक्षिप्त

### गीष्म ऋतु का शिविर हनुमान मंदिर पर लगेगा

**भरतपुर** (निस)। इण्डियन स्टाइल जिला कुश्ती संघ एवं भूरी सिंह व्यायामशाला के संयुक्त तत्वावधान में कुश्ती के पितामह गुरू हनुमान व रूस्तमें हिन्द मास्टर चन्दगी राम पहलवान की प्रेरणा से प्रतिवर्ष की भांति 'ठाीष्म ऋतु का शरीर विकास षिविर' भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के बलिदान दिवस 21 मई से व किसान नेता स्व. राजेष पाएलट की पुण्यतिथि 11 जून तक, 21 दिवसीय निषुल्क प्रषिक्षण षिविर कुश्ती व खेलकूद का शुरू होगा। हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामषाला पर, षिविर के संयोजक चुन्नी कप्तान ने बताया कि 12 वर्ष से 17 वर्ष तक के बालिक भाग ले सकते हैं अपना नाम, 20 मई तक लिखवा देवें। षिविर दो पारियों में प्रात: 5 से 8 बजे व सांय 4 बजे से सांय 7 बजे तक लगेगा, इस हेतु चार प्रषिक्षक नियुक्त किए हैं।

### स्थापना दिवस 28 मई को मनाया जाएगा

**भरतपुर** (निस)। सर्व शक्ति मित्र मंडल फाउंडेशन का आठवां स्थापना दिवस 28 मई बुधवार को पाथेय भवन मालवीय नगर जयपुर में शाम 6 से मनाया जायेगा। संस्थापक अध्यक्ष सुरेन्द्र पाराशर ने बताया कि सर्व शक्ति मित्र मंडल फाउंडेशन संस्था 2018 से विभिन्न समाज सेवा कार्यों में जुटी है जिनमें जरूरतमंदों को कम्बल, साडी आदि वस्त्र वितरण, विद्यार्थियों को शिक्षण सामठाी वितरण, गौ सेवा और अनाथ आश्रमों के सेवा कार्य, गरीब कन्याओं के विवाह में सहायता कोरोना काल में सूखी व तैयार भोजन सामठाी वितरण, समाज के विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का सम्मान, त्योहारों पर गरीबों को समयानुसार सामठाी वितरण आदि कार्य प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि यह संस्था सभी समाजों की शक्ति से बनी है। इन सब के अतिरिक्त संस्था अपने स्थापना दिवस पर प्रतिवर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करती रही है।

### नटवर सिंह की जयंती पर पुष्पांजलि समारोह हुआ

**नदबई भरतपुर** (निस)। पूर्व विदेश मंत्री, पद्म भूषण से सम्मानित स्व. कुँवर नटवर सिंह के 96वें जन्मदिवस के अवसर पर नदबई नगर पालिका परिसर में पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. नटवर सिंह के चित्र के समक्ष माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। वक्ताओं ने नटवर सिंह के राजनीतिक जीवन, विदेश नीति में उनके योगदान और भारत की वैश्विक छवि को सशक्त बनाने में निभाई गई भूमिका को याद करते हुए उन्हें एक कुशल प्रशासक और यशस्वी व्यक्तित्व बताया। पालिका अध्यक्ष हरवती सिनसिनवार ने कहा कि स्व. सिंह न केवल नदबई क्षेत्र के लिए गौरव थे, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे। पुष्पांजलि समारोह के उपरांत जनसेवा की भावना के तहत राजकीय जिला अस्पताल नदबई में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। इसके साथ ही अन्नपूर्णा रसोई योजना के अंतर्गत 150 जरूरतमंदों को पौष्टिक भोजन कराया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष हरवती सिनसिनवार, उच्चैन प्रधान रामअवतार उप प्रधान भूपेंद्र सिंह, अरब सिनसिनवार, अशोक उपाध्याय, विधायक निजी सचिव सत्येंद्र सिंह गुड्डू, रज्जन सिंह महुआ, अजय कटारा, सतीश बीलौठ, हरीश कटारा, संजय रौतवार, प्रदीप चौधरी, संदीप देशवाल, रघु उपाध्याय, सुजान सिंह समेत कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### उपविजेता खिलाडी छात्रों का सम्मान किया

**भरतपुर** (निस)। विक्रमा सीमापुरी यूनिवर्सिटी, नेल्लोर आंध्र प्रदेश में आयोजित ऑल-इण्डिया इण्टर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता में महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय की टीम द्वारा रजत पदक प्राप्त करने पर विश्वविद्यालय परिसर में खिलाड़ियों का स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. त्रिभुवन शर्मा ने सभी खिलाड़ियों, कोच व मैनेजर को माला पहनाकर बधाई दी तथा उत्साहवर्धन किया। कुलपति प्रो. शर्मा ने इस अवसर पर विजेता रही टीम के खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब खेल केवल मनोरंजन का साधन मात्र नहीं है अपितु इससे देशों का मान-सम्मान भी जुड़ा है। खेल से जीवन अनुशासित होता है तथा जीवन में जीतने का जुनून आता है। टीम के कोच व मैनेजर को उनके योगदान के लिए धन्यवाद देते हुए कुलपति प्रो. शर्मा ने भारत की गौरवशाली गुरु-शिष्य परम्परा को याद किया।

# गांव उलूपुरा-कमालपुरा में सन्त परमहन्स शोभानन्द भारती के सानिध्य में 5121 रूद्र महायज्ञ हुआ

■ शिवपुराण कथा, रासलीला और सन्त दर्शन आदि धार्मिक कार्यक्रम जारी है

**हलैना भरतपुर** (निस)। जयपुर नेशनल हाइवे के गांव उलूपुरा-कमालपुरा के पास 4 से 25 मई तक शिवा आश्रम श्रीपंच जूना अखाडा नंगला जग्गे औलेण्डा आगरा के राष्ट्रीय सन्त एवं यज्ञ सम्राट दिगम्बर परमहन्स शोभानन्द भारती के सानिध्यं में 5121 कुण्डिय रूद्र महायज्ञ, शिवपुराण कथा, रासलीला और सन्त दर्शन आदि धार्मिक कार्यक्रम जारी है और 14 मई से चौथे दिन शनिवार तक काशी, हरिद्वार, वृन्दावन, बनारस, उज्जैन आदि तीर्थ स्थल से आए विद्वान पण्डित व सन्त के द्वारा कराए जा रहे 5121 कुण्डिय रूद्र महायज्ञ में सन्त व श्रद्वालुओं ने करीब 4 करोड 11 लाख 93 हजार 324 आहुतियां दे दी,ये यज्ञ 24 मई तक जारी रहेगा। प्रतिदिन 5121 पण्डित के द्वारा 2 हजार 11 वेदमन्त्रों का उच्चारहण कर रहे है और 24 मई तक कुल 11 करोड 32 लाख 81 हजार 641 आहुतियां दी जाऐंगी। शिवा आश्रम श्रीपंच जूना अखाडा नंगला जग्गे औलेण्डा आगरा के राष्ट्रीय सन्त एवं यज्ञ सम्राट दिगम्बर परमहन्स शोभानन्द भारती महाराज ने कहा कि रूद्र महायज्ञ का पुण्य फल मिलता तत्काल है। जो सन्त एवं व्यक्ति ऐसे यज्ञ में भाग लेकर आहुतियां देता है और दान करता है,सन्त व मानव सेवा करता है,मूक बधिर प्राणियों पर दया कर उनकी रक्षा करता है, गौवंश सेवा करता है,प्रभू का जाप व गुणगान करता है,वह व्यक्ति प्रभू का सच्चा सेवक होता है और मोक्ष की प्राप्ति करता है।

उन्होने कहा कि बडे-बडे यज्ञ एक व्यक्ति नही करा सकता है,ऐसे यज्ञ आमजन के सहयोग से सफल होते है। उन्होने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से विश्वशान्ति कायम रहती है और मानव का कल्याण होता है। पर्यावरण में शुद्वता कायम रहती है। मानव जीवन निरोगी बना रहता है। उन्होने बताया कि 14 मई से रूद्र महायज्ञ जारी है,जो 24 मई तक चलेगा। प्रतिदिन 5121 कुण्डिय रूद्र महायज्ञ में दो हजार 11 वेदमंत्रों का उच्चारहण किया जाता है और प्रतिदिन एक करोड 2 लाख 98 हजार 331 आहुतियां लगती है। उन्होने बताया कि गुजरे चार दिवस में करीब 4 करोड 11 लाख 93 हजार 324 आहुतियां दे दी,ये यज्ञ 24 मई तक जारी रहेगा। प्रतिदिन 5121 पण्डित के द्वारा 2 हजार 11 वेदमन्त्रों का उच्चारहण कर रहे है और 24 मई तक कुल 11 करोड 32 लाख 81 हजार 641 आहुतियां दी जाऐंगी। उन्होने बताया कि 4 मई से 12 मई तक रामकथा का आयोजन हुआ,जिस रामकथा के वाचक चित्रकूट धाम के कामदगिरी पीठाधीश्वर जगगुरू रामानन्दचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य रहे । अब 13 मई से 24 मई तक शिवपुराण कथा का आयोजन हो रहा है,जिस कथा के वाचक जगदगुरू रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज है। रात्रि में रासलील का आयोजन होता है। शिव पुराण और रुद्र महायज्ञ में देश के कई राज्यों के संत व भक्त शामिल हो रहे हैं । साथ ही रात्रि को रासलीला का आनंद ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में भरतपुर दौसा अलवर करौली सवाई माधोपुर जयपुर मथुरा आगरा ग्वालियर भिंड मुरैना दिल्ली आदि जिलों से हजारों की संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम का आनंद ले रहे हैं। 22 मई से 24 मई तक सन्त प्रवचन तथा 25 को महाप्रसादी का आयोजन होगा। रामकथा सुनने एवं सन्त समाज के दर्शन को प्रतिदिन 40 से 50 हजार श्रद्वालु उमड रहे है। षिव पुराण कथा 13 मई से 24 मई तक दोपहर एक बजे से सायं 4 बजे तक शिवपुराण सुना रहे है। 14 से 24 मई तक प्रतिदिन सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक 5121 रूद्र महायज्ञ होगा और 14 से 24 मई तक प्रतिदिन रात्रि को 8:00 बजे से 11:00 बजे रासलीला होगी। जबकि 22 से 24 मई तक सन्त प्रचवन तथा 25 मई को महाप्रसादी होगी। है।

## खेल को खेल की भावना से खेलें खिलाड़ी : डॉ ऋतु बनावत

■ गांव खानसूरजापुर में द्वितीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ उद्‌घाटन

**रूपवास ।** क्षेत्र के नेशनल हाइवे संख्या 123 पर स्थित गांव खानसूरजापुर में द्वितीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्‌घाटन समारोह क्षेत्रीय विधायक डॉ ऋतु बनावत के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया। संयोजक हरप्रीत सिंह उर्फ कक्के ने बताया कि इस रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में विभिन्न स्थानों की करीब 2 दर्जन टीमें भाग ले रहीं है।

इस क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम को 31 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा विभिन्न मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इससे पहले क्षेत्रीय विधायक डॉ ऋतु बनावत ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्‌घाटन किया। इस दौरान विधायक बनावत ने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाडी खेल को खेल की भावना से खेलें। खेलों के माध्यम युवा अपना एवं अपने क्षेत्र का नाम उच्च स्तर पर रोशन करते है। खेल के जरिए युवाओं में शारीरिक विकास भी संभव हो पाता है। मैच में एक टीम जीतती है एवं एक टीम हारती है। हारी हुई टीम का उत्साहवर्धन करना चाहिए। जीत हार खेल का हिस्सा होता है। विधायक ने आयोजकों को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इससे पहले आयोजकों ने विधायक एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल समेत अन्य अतिथियों का साफा बांधकर एवं माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से स्वागत सम्मान किया। वहीं केसीसी क्लब के सदस्यों ने विधायक का 21 किलो फूलों की माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर कृष्णगोपाल शर्मा,विशाल कौशल,नरेश बंसल, मंजीत सिंह, मानू, सौनू, राहुल, भोला, अरुण परमा, हंसा बरौदा, पूरन चौधरी, पप्पू डीग, बंटी सिसोदिया, अंसार खान समेत अन्य खेल प्रेमी एवं ठाामीण मौजूद रहे।

## संविधान बचाओ रैली का आयोजन 19 मई

**भरतपुर** (निस)। प्रदेश कांठोस कमेटी के निर्देशानुसार आगामी 19 मई सोमवार को सुबह 10:30 बजे होटल ईगलनेस्ट सारस चौराहा भरतपुर पर कांठोस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा की अध्यक्षता में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जावेगा। कांठोस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि अखिल भारतीय कांठोस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देशानुसार भाजपा सरकार द्वारा भारतीय संविधान के साथ की जा रही छेड़छाड़ को लेकर पूरे देश में संविधान बचाओ रैलीयों का आयोजन किया जा रहा है। भरतपुर मुख्यालय पर होने वाली इस रैली में भाग लेने के लिए पीसीसी की ओर से संभाग प्रभारी पूर्व विधायक जीआर खटाना, संविधान रैली प्रभारी पूर्व विधायक वेद प्रकाश सोलंकी एवं जिला प्रभारी पीसीसी महासचिव राजेश चौधरी आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे। कांठोस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने उक्त कार्यक्रम हेतु जिले की समस्त कांठोसी इकाइयों के पदाधिकारी एवं सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों को अति आवश्यक रूप से उपस्थित होने का आठाह किया है।

## 19 मई को सेवर में रक्तदान शिविर आयोजित होगा

■ 20 जुलाई को सायं 3 बजे ब्रज क्षेत्र की समस्याओं, प्राचीन विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये जिला कलक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन दिया जायेगा

**भरतपुर** (निस)। ब्रजभूमि कल्याण परिषद की बैठक शनिवार को ठंडी सड़क स्थित देवमाधव भवन पर हुई जिसमें ब्रज क्षेत्र की समस्याओं पर गहन चिंतन किया गया। बैठक में तय किया गया कि 20 जुलाई को सायं 3 बजे ब्रज क्षेत्र की समस्याओं, प्राचीन विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये जिला कलक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन दिया जायेगा। ज्ञापन में उल्लेख किया जायेगा कि भरतपुर के लोहागढ किला स्थित सिनसिनी बुर्ज पर भगवान कृष्ण की मूर्ति काफी समय से खंडित है उसे पुन: स्थापित किया जावे। इसी प्रकार चौबुर्जा गढी का अधिकांश भाग खंडित है उसका भी पुनर्निमाण हो। लोहागढ किला की कोरिया घाट की तरफ मोटवाल पर पीपल, बरगद व अन्य झाड़ियां उगने से नहर की दीवार क्षितठास्त होने की संभावना है। ज्ञापन में चौबुर्जा स्थित घोड़ाघाट व खिरनी घाट की मुख्य सडक जगह-जगह से टूट गई है जिससे जाम की स्थिति बन जाती है।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव अनिल भारद्वाज ने संभाग अध्यक्ष गीतम शर्मा एवं जिला अध्यक्ष मुरारी लाल की अभिशंषा पर डा. राहुल शर्मा मालीपुरा को ब्रजभूमि कल्याण परिषद का शहर अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा की। नवनिर्वाचित शहर अध्यक्ष को एक माह के भीतर नगर कार्यकारिणी बनाये जाने के लिये निर्देशित किया गया।

बैठक में भारतीय सेना के अमर शहीदों के सम्मान में 19 मई को प्रात: 10 बजे ब्रजभूमि फार्म हाउस, गांधीनगर सेवर पर रक्तदान शिविर लगाने पर भी चर्चा हुई। इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक देशभक्तों से रक्तदान करने का आठाह भी किया गया।

# भूमि के अभाव में आज तक संचालित नहीं हो रहा है करौली में रोडवेज डिपो

**करौली**,( निं.सं.) राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अधिकारियों और प्रशासन की उदासीनता के चलते करौली जिला मुख्यालय पर केंद्रीय बस स्टैंड सुचारू रूप से संचालित है लेकिन करौली जिला मुख्यालय पर डिपो भूमि के अभाव में आज तक संचालित नहीं हो पा रहा है।

जिला मुख्यालय स्थित आमजन का दुर्भाग्य माने या फिर रोडवेज प्रशासन और जिला प्रशासन की उदासीनता माने क्योंकि जिला मुख्यालय पर केंद्रीय बस स्टैंड सुचारू रूप से संचालित होने के उपरांत यहां तक एक दशक से अधिक समय से आज तक डिपो भूमि के अभाव में संचालित नहीं हो पा रहा है जो डिपो हिंडौन से संचालित है जिसके लिए शहर के सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार मित्तल ने कई बार जिला प्रशासन, रोडवेज प्र'ाासन, परिवहन मंत्री एवं मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर करौली मुख्यालय से डिपो चालू कराने कि मांग की है इसके अलावा नागरिक परिषद के अध्यक्ष वेणुगोपाल शर्मा, एडवोकेट ऊधौसिंह के अलावा कई प्रमुख लोगों ने विधायक दर्शन सिंह गुर्जर के अलावा जिला प्रशासन एवं रोडवेज प्रशासन से कई बार मुलाकात कर रोडवेज डिपो करौली से संचालित करने की मांग कर चुके हैं लेकिन किसी ने आज तक गंभीरता से नहीं लिया जिसके अभाव में यहां के प्रमुख तीर्थ स्थल कैलादेवी और मदन मोहन जी मंदिर के दर्शनों को दूरदराज उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात आदि प्रदेशों से आने वाले दर्शनार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है गंभीरप्रद यह है की जिला मुख्यालय पर सरकारी विभागों को भूमि आवंटन में लगातार जिला प्रशासन की उदासीनता देखी जा रही है क्योंकि वर्ष 2012 से यानी 13 वर्ष से आज तक जिला मुख्यालय पर रोडवेज डिपो के लिए जिला प्रशासन भूमि आवंटित नहीं कर पाया है जिसका खुलासा सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार मित्तल के द्वारा मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल पर शिकायत करने पर खुलासा हुआ है कि रोडवेज प्रशासन और जिला प्रशासन की उदासीनता के चलते भूमि आवंटन नहीं हो रहा जबकि जिला मुख्यालय पर सरकारी भूमि की कोई कमी नहीं है जिसके लिए जितेंद्र कुमार मित्तल ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर जिला मुख्यालय पर रोडवेज के लिए भूमि आवंटन कराकर शीघ्र डिपो का संचालन करने की मांग की है।

## जांच शिविर, डॉ. एच.एन. शर्मा कैम्पस में किया जायेगा

**भरतपुर** (निस)। महर्षि अरविंद संस्था भरतपुर द्वारा कल्याणं करोति आई इंस्टीट्यूट मथुरा के सहयोग से निषुल्क नेत्र जांच षिविर का आयोजन 20 मई मंगलवार को किया जायेगा। संस्था अध्यक्ष अरविंदपाल सिंह ने बताया कि षिविर मंगलवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक कोतवाली चौराहा स्थित डॉ. एच.एन. शर्मा कैम्पस में आयोजित होगा। कैंप में नेत्र रोग विषेषज्ञ डॉ.एस.के. शर्मा सहित कल्याणं करोति आई इंस्टीट्यूट मथुरा की टीम अत्याधुनिक उपकरणों से नेत्र जांच करेगी एवं निषुल्क दवाओं का वितरण होगा। रजिस्टेषन कराना अनिवार्य है। षिविर में सभी प्रकार के नेत्र रोगों की जांच की जाएगी।

## निधि मौठिया स्नातकोत्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित

**श्रीमहावीरजी।** राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित 34वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर एम.ए. (अर्थशास्त्र) में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली किरवाड़ा निवासी निधि मौठिया, पुत्री दिनेश चंद मीना को गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। दिनेश मीना ने बताया कि जयपुर में आयोजित 34वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर एम.ए. (अर्थशास्त्र) में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली किरवाड़ा निवासी निधि मौठिया पुत्री दिनेश मीना को गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। निधि मौठिया की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे अय्यापुर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## भीषण गर्मी के दौरान 4 घंटे में कई बार हुई अघोषित बिजली कटौती

**करौली**, (निं.सं.) जिला मुख्यालय की करीब आधा दर्जन कॉलोनी में शनिवार को भीषण गर्मी के दौर में दोपहर 12:00 बजे से लेकर 4:30 बजे तक बिजली की घोषित कटौती के चलते आमजन को गर्मी की मार झेलनी पड़ी। हालांकि गतएक सप्ताह से जैसे-जैसे गर्मी का दौर बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे ही विद्युत निगम के अधिकारी कर्मचारियों की घोर लापरवाही देखने को मिल रही है भीषण गर्मी के दौर में दिन-रात बिजली की ऑख मिचोनी के खेल से आमजन गर्मी की मार झेलने के लिए विवश हो रहा है शनिवार को विद्युत निगम के अधिकारी,कर्मचारियों की ओर लापरवाही जब देखी गई कि शनिवार को दोपहर से लेकर 4:30 बजे तक गुलाब बाग,अरावली नगर,मासलपुर नॉका चुंगी,पांडे को कुआ, भीमनगर, विवेक बिहार, रामनगर, इंद्रा कॉलोनी आदि क्षेत्रो मे पड रही भीषण गर्मी के दौर में 4:00 घंटे तक अघोषित रूप से बिजली गुल रही बीच-बीच में कई बार बिजली की ऑखमिचोनी का खेल भी चला देखा गया गंभीरप्रद यह है।

# आरबीएम अस्पताल के बाथरूम में मिला मरीज का शव,

■ वह अंदर से बंद था, जिसके बाद कुण्डी तोड़कर नर्सिंगकर्मी और मृतक के परिजन अंदर गए तो, वहां मरीज का शव पड़ा हुआ था

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर के मेडिकल वार्ड के बाथरूम में एक मरीज का शव पड़ा हुआ मिला। मृतक को सांस लेने में दिक्कत थी। इसलिए उसे एडमिट किया गया था। मरीज खुद बाथरूम में गया जिसके बाद उसकी तबियत ख़राब हुई और फिसल कर वह फर्श पर गिर गया। जब मरीज के परिजन अस्पताल पहुंचे तो, उन्होंने मरीज को ढूंढा। बाथरूम में देखा तो, वह अंदर से बंद था। जिसके बाद कुण्डी तोड़कर नर्सिंगकर्मी और मृतक के परिजन अंदर गए तो, वहां मरीज का शव पड़ा हुआ था।

मृतक के बेटे शिवान (29) निवासी नदिया मोहल्ला ने बताया कि 12 मई को उसके पिता बुद्धिराम (62) को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी साथ ही पेट दर्द भी था। जिसके बाद उन्हें 12 मई को ही आरबीएम अस्पताल में भर्ती किया गया। बुद्धिराम के परिजन दिन में उन्हें अस्पताल में छोड़कर घर आ जाते और शाम के समय में दोबारा अस्पताल चले जाते। बुद्धिराम खुद से चल फिर रहे थे। इसलिए वहां पर किसी के रहने की जरुरत नहीं होती थी। शिवान ने बताया कि कल करीब 2 बजे पिता को अस्पताल में छोड़कर घर आ गए थे। शाम 5 बजे बुद्धिराम का बड़ा बेटा अस्पताल पहुंचा। बेड पर बुद्धिराम मौजूद नहीं थे। नरेश ने अपने पिता को अस्पताल में सभी जगह देखा। जब वह नहीं मिले तो, उसने मेडिकल वार्ड में स्थित नर्सिंग कर्मियों को इसके बारे में बताया साथ अपने परिजनों को घटना की सूचना दी। बुद्धिराम के परिजन अस्पताल पहुंचे और सभी मिलकर बुद्धिराम को ढूंढते रहे।

करीब 4 घंटे ढूंढने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं लगा। जिसके बाद बुद्धिराम के परिजन उन्हें ढूंढने के लिए बाथरूम में पहुंचे। बाथरूम अंदर से बंद था। कुण्डी तोड़कर बाथरूम के गेट को खोला गया। बुद्धिराम का शव बाथरूम के फर्श पर पड़ा था। तुरंत उन्हें बेड पर लाया गया। डॉक्टर ने उन्हें देखा तो, उनकी मौत हो चुकी थी। अब बुद्धिराम के परिजन अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि अगर उनके पिता बेड पर नहीं थे तो, नर्सिंगकर्मियों ने इस पर क्यों ध्यान नहीं दिया। इस घटना को लेकर जब पीएमओ नगेंद्र भदौरिया से बात की तो, उन्होंने बताया कि बुद्धिराम चलने फिरने की हालत में थे। उनके परिजन उन्हें घुमाने के लिए और खाना खाने के लिए बेड से ठााउंड फ्लोर तक ले जाते थे। इसलिए जब बुद्धिराम बेड पर नहीं थे तो, नर्सिंगकर्मियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। जब वह बेड पर नहीं थे तो, अस्पताल के स्टाफ ने भी उन्हें ढूंढने की कोशिश की थी।

## जिला मुख्यालय पर 22 मई को निकाली जायेगी विशाल तिरंगा यात्रा

**करौली**, (निं.सं.)(फोटो-पी-2) भाजपा कि बैठक शनिवार को साय 4:00 बजे होटल कनक पैलेस में आयोजित हुई जिसमे 22 मई को जिला मुख्यालय पर निकाली जाने वाली ऑपरेशन सिंदूर- तिरंगा यात्रा को लेकर चर्चा कि गई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुके'ा सालौत्री ने बताया कि बैठक मे आगामी 22 में को करौली जिला मुख्यालय पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत निकाली जाने वाली विशाल तिरंगा यात्रा को लेकर विस्तार से चर्चा कि गई उन्होने बताया कि इस तिरंगा यात्रा में करौली जिले के सभी भूतपूर्व सैनिक, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठन, डॉक्टर्स, प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि शामिल होंगे बैठक के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी करौली पहलगाम हमले के उपरांत भारतीय सेना द्वारा चलाए गए।

## सार-समाचार

### भरतपुर के ग्राम हथैनी में बर्तन बैंक की स्थापना हुई

**भरतपुर** (निस)। राज्य सरकार की विशेष पहल के तहत स्वच्छ भारत मिशन (ठाामीण) योजनान्तर्गत ठााम पंचायत हथेनी में बर्तन बैंक के पायलेट प्रोजेक्ट का शुभारम्भ किया गया। राजिविका समूह के महिलाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा बर्तन बैक की स्थापना की गई है इससे गांवों को प्लास्टिक कचरे से मुक्ति करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढेगें। बर्तन बैंक में स्टील के वर्तनो का एक सेट होगा जिसमे एक थाली, एक चमच्च, एक गिलास एवं तीन कटोरी होंगी जो की ठााम पंचायत में होने वाले आयोजनों हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर पर दिए जायेंगे। बर्तन बैक का शुभारम्भ जिला परियोजना समन्वयक विमल शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक कचरे से मुक्ति के लिए लोगो में जागरूकता लाने में यह योजना मील का पत्थर का साबित होगी। इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक पंचायत समिति सेवर अमरेन्द्र सिंह, रोहित जैन ठााम विकास अधिकारी हथैनी मनीष सिंह एवं अन्य ठाामीण उपस्थित रहे।

### नारौली डांग में किसानों के खेतों के नलकूपों की केबल काट लें गए चोर

**सपोटराकरौली**, (निं.सं.) सपोटरा क्षेत्र में किसानों के खेतों पर लगे नलकूपों पर केबल चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नारौली डांग में किसानों के खेतों पर लगे नलकूप की केबल काटकर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। जिससे लोगों में रोष व्याप्त हो गया। ठाामीणों ने बताया कि चोरों ने नारौली डांग में किशोरी लाल मीना के खेतों पर लगे नलकूप की केबिल काटकर चोरी कर ले गए। इसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के नारौली डांग,मांडा,सुगनपुरा आदि गांवों में नलकूप बोरिंग की बिजली केबल आए दिन चोरी होने से किसान परेशान हैं।किसानों ने बताया कि किसानों के खेतों पर लगे नलकूप पर बिजली की केबिल को चोर चुरा कर ले गए। कई किसानों की जगह पर कटी हुई केबिल के कवर को चीरकर अंदर के वायर निकालकर ले गए। आए दिन हो रही इन चोरी की घटनाओं ने किसानों की नींद उड़ा दी है। किसानों ने बताया कि आए दिन बढ़ रही चोरी की वारदातों के चलते किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है। किसानों ने बताया कि चोरी होने के बाद उन सब को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन चोरियों से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

### भरतपुर में दो बार बारिश, निचले इलाकों में जलभराव, किसानों के चेहरे खिले

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में शनिवार दोपहर करीब 1.30 बजे अचानक मौसम बदल गया। सुबह से यहां तेज धूप पड़ रही है। आसमान में काले बादल छाए और देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई। करीब 15 मिनट तक हुई बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। कुछ देर के लिए बारिश रुकी लेकिन मौसम घुटा हुआ रहा। दोपहर 2.15 बजे एक बार फिर बारिश शुरू हुई। बता दें कि मौसम विभाग ने पहले ही बारिश की चेतावनी दी थी। शनिवार को सुबह से ही धूप में तेजी थी। गर्मी से लोगों का हाल बेहाल रहा। दोपहर में बादल छाने और तेज हवा चलने और बारिश होने से गर्मी से राहत मिली। शहर के कई निचले इलाकों में पानी बारिश और नालियों का पानी भर गया। लोगों को आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ी। बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। बुवाई से पहले यह बारिश मिट्टी को नम कर देगी। हालांकि कई किसान जुताई कर चुके हैं। इन्हें दोबारा जुताई करनी होगी।

### मैन ऑफ दी मैच सौरभ सैनी कों दिया गया

**सूरौठ ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर दूधिया रोशनी में आयोजित राज्य स्तरीय एस पी एल क्रिकेट प्रतियोगिता के 15 वें दिन आयोजित हुए मुकाबले ।आयोजन कमेटी के विश्राम मीणा ,अमरसिंह मीना ,केदार मीना रजनीश मीना व राहुल रिंकू मीणा व सम्पत कटकरिया ने बताया प्रथम मुकाबला शेखपुर व मैनवास वैर के मध्य खेला गया जिसमें मैनवास कि टीम विजयी रही, द्वितीय मुकाबला में खिजूरी कि टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित तृतीय राउंड के मुकाबले में 10 ओवर में 58 रन ही बना सकी व बीसीसी सूरौठ टीम के खिलाडी लव तिवारी व मोहित ने कहा कि उतरे ओपनिंग खिलाड़ी दिनेश मीना व सौरभ सैनी ने मात्र 3 ओवर मे बिना विकेट खोयें 10 विकेट से मैच कों जीत लिया गया मैन ऑफ द मैच का खिताब मात्र सैनी ने 16 बांल में 54 रन बनाते हुए सूरौठ टीम के सौरभ सैनी कों दिया गया।

### बयाना उपखंड क्षेत्र के भीतरबाड़ी में पेयजल संकट गंभीर

**बयाना भरतपुर** (निस)। बयाना उपखंड क्षेत्र के भीतरबाडी में पेयजल संकट गंभीर हो गया है। पिछले 8 दिनों से पानी नहीं मिलने से परेशान महिलाएं शुक्रवार सुबह जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) दफ्तर पहुंचीं। महिलाओं ने कार्यालय में एईएन मनेंद्र सिंह बैसला और जेईएन रामचरन मीना के सामने अपनी समस्या रखी। भीतरबाडी के गुर्जरपाडा की महिलाओं ने बताया कि उनकी बस्ती ऊंचाई पर स्थित है। निचले इलाके के लोग अवैध बूस्टर लगाकर पाइप लाइनों से पानी खींच लेते हैं। इस कारण ऊंचाई वाले क्षेत्रों तक पानी नहीं पहुंच पाता। प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में गीता शर्मा, गुड्डी पटेल, पूजा, नीतू श्यामल और अनीता शामिल थीं। उन्होंने अपनी बस्ती के लिए अलग पाइप लाइन की मांग की। साथ ही अवैध बूस्टर जब्त करने और अवैध कनेक्शन वालों पर कार्रवाई की मांग भी रखी। एईएन मनेंद्र सिंह बैंसला ने महिलाओं की समस्या को जायज माना है। उन्होंने कहा कि ऊंचाई वाले इलाकों के लिए पानी सप्लाई का समय बढ़ाया जाएगा। अवैध बूस्टर और कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

### डॉ. गोपाल लाल चौधरी ने शनिवार को कृषि महाविद्यालय कुम्हेर का सघन दौरा किया

**भरतपुर** (निस)। श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विष्वविद्यालय जोबनेर के संघटक उद्यानिकी महाविद्यालय दुर्गापुरा जयपुर के डीन एवं फैकल्टी चेयरमेन प्रोफेसर एन.एल.बैरवा तथा कृषि अनुसंधान केन्द्र नौगावां-अलवर के क्षेत्रीय निदेषक अनुसंधान डॉ.गोपाल लाल चौधरी ने शनिवार को कृषि महाविद्यालय कुम्हेर का सघन दौरा किया।

## नारौली डांग में किसानों के खेतों के नलकूपों की केबल काट लें गए चोर

**सपोटरा करौली**, (निं.सं.) सपोटरा क्षेत्र में किसानों के खेतों पर लगे नलकूपों पर केबल चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नारौली डांग में किसानों के खेतों पर लगे नलकूप की केबल काटकर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। जिससे लोगों में रोष व्याप्त हो गया।

ठाामीणों ने बताया कि चोरों ने नारौली डांग में किशोरी लाल मीना के खेतों पर लगे नलकूप की केबिल काटकर चोरी कर ले गए। इसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के नारौली डांग,मांडा,सुगनपुरा आदि गांवों में नलकूप बोरिंग की बिजली केबल आए दिन चोरी होने से किसान परेशान हैं।किसानों ने बताया कि किसानों के खेतों पर लगे नलकूप पर बिजली की केबिल को चोर चुरा कर ले गए। कई किसानों की जगह पर कटी हुई केबिल के कवर को चीरकर अंदर के वायर निकालकर ले गए। आए दिन हो रही इन चोरी की घटनाओं ने किसानों की नींद उड़ा दी है। किसानों ने बताया कि आए दिन बढ़ रही चोरी की वारदातों के चलते किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है। किसानों ने बताया कि चोरी होने के बाद उन सब को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**नाम संशोधन**

मैं धीरेंद्र पाल पुत्र श्री ईश्वर पाल सिंह जाति राजपूत निवासी करौली सपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम युग प्रताप पाल (YUG PRATAP PAL) दर्ज है। जबकि विद्यालय रिकॉर्ड में उसका नाम युग प्रताप पाल सिंह (YUG PRATAP PAL SINGH) दर्ज है जो गलत है। मैं मेरे पुत्र के विद्यालय रिकॉर्ड में भी नाम युग प्रताप पाल (YUG PRATAP PAL) दर्ज करवाना चाहता हूं जो सही है।